साक्षिप्त विज्ञापन

राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर

विज्ञापन सं: रा.उ.न्या.जो./परीक्षा प्रकोष्ठ/क.न्या.स. एवं लिपिक ग्रेड-II/2022/2249 दिनांक : 05.08.2022

कनिष्ठ न्यायिक सहायक, कनिष्ठ सहायक तथा लिपिक ग्रेड-द्वितीय के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा, 2022

राजस्थान उच्च न्यायालय कर्मचारी सेवा नियम, 2002 (यथासंशोधित) [Rajasthan High Court Staff Service Rules, 2002] (As amended) एवं राजस्थान जिला न्यायालय लिपिकवर्गीय स्थापन नियम, 1986 (यथासंशोधित) [Rajasthan District Courts Ministerial Establishment Rules, 1986] (As amended) के प्रावधानों के अन्तर्गत राजस्थान उच्च न्यायालय में कनिष्ठ न्यायिक सहायक (Junior Judicial Assistant), राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों (तालुका विधिक सेवा समितियों एवं स्थाई लोक अदालतों सहित) में कनिष्ठ सहायक (Junior Assistant) तथा राजस्थान राज्य न्यायिक अकादमी व राजस्थान के जिला न्यायालयों में लिपिक ग्रेड-द्वितीय (Clerk Grade-II) के निम्न उल्लेखित रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु निर्धारित ऑनलाईन प्रारूप (Online Format) में ऑनलाईन आवेदन (Online Applications) आमंत्रित किये जाते हैं। चयनित अभ्यर्थी नियमानुसार दो वर्ष की अवधि तक रुपये 14,600/- (fixed) प्रतिमाह पारिश्रमिक पर परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी (Probationer Trainee) के रुप में रहेंगे। परिवीक्षा काल सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर उन्हें नियमानुसार पे-मैट्रिक्स लेवल संख्या L-5 के अनुसार पे-स्केल रु. 20,800-65,900/- संदेय होगा।

1. रिक्त पदों का विवरण :-

पद का नाम	क्षेत्र (Non TSP/ TSP Areas)	सामान्य/ अनारक्षित (Gen)	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS)	अनुसूचित जाति (SC)	अनुसूचित जनजाति (ST)	अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	सहरिया (Saharia Tribe)	अति पिछड़ा वर्ग (MBC)	कुल रिक्तियों की संख्या
(क) राजस्थान उच्च न्यायालय में रिक्तियां									
कनिष्ठ न्यायिक सहायक	-	116	32	51	38	67	-	16	320
(ख) राजस्थान राज्य न्यायिक अकादमी में रिक्तियां									
लिपिक (ग्रेड-II)	-	04	00	00	00	00	-	00	04
(ग) राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण में रिक्तियां									
कनिष्ठ सहायक	-	15	01	00	02	00	-	00	18
(घ) जिला न्यायालयों में रिक्तियां									
लिपिक (ग्रेड-II)	गैर अनुसूचित क्षेत्र	738	228	315	249	337	09	109	1985
लिपिक (ग्रेड-II)	अनुसूचित क्षेत्र	27	02	05	35	00	-	00	69
(ङ) जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों (तालुका विधिक सेवा समितियों एवं स्थाई लोक अदालतों सहित) में रिक्तियां									
कनिष्ठ सहायक	गैर अनुसूचित क्षेत्र	166	25	45	38	55	03	11	343
कनिष्ठ सहायक	अनुसूचित क्षेत्र	09	00	00	08	00	-	00	17

नोट - क्षैतिजीय आरक्षित पदों हेतु विस्तृत विज्ञापन देखें।

2. ऑनलाईन आवदेन करने की समय सीमा :-

(अ) ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 22.08.2022 (सोमवार) को दोपहर 01.00 बजे से अन्तिम दिनांक 22.09.2022 (गुरुवार) को सायं 05.00 बजे तक किये जा सकेंगे, इसके उपरान्त लिंक निष्क्रिय हो जायेगा।

(ब) ऑनलाईन परीक्षा शुल्क दिनांक 22.08.2022 (सोमवार) को दोपहर 01.00 बजे से दिनांक 23.09.2022 (शुक्रवार) को रात्रि 11.59 बजे तक जमा करवाया जा सकेगा, इसके उपरान्त लिंक निष्क्रिय हो जायेगा।

(स) आवेदकों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाईन आवेदन की अन्तिम दिनांक व समय की प्रतीक्षा किये बिना, यथाशीघ्र ऑनलाईन आवेदन करें।

(द) इच्छुक अभ्यर्थी विस्तृत जानकारी हेतु राजस्थान उच्च न्यायालय की वेबसाईट http://www.hcraj.nic.in पर ''विस्तृत विज्ञापन'' देखें।

रजिस्ट्रार (परीक्षा)